कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी

(कृषि विश्वविद्यालय,जोधपुर)

हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलो की खेती हेतु निविदा (2024–25)

निविदा प्रपत्र कम संख्या	
निविदा कम संख्या	No. KVK/GUDA/2024/2807 दिनांकः-07/ 06/ 2024
निविदा प्रपत्र शुल्क	200/–रुपये रसीद संख्या .....दिनांकः–
निविदा वर्ष	2024–25
खेती की अनुमानित अवधि	रबी व खरीफ (जून 2024 से मार्च 2025 तक)
अनुमानित लागत	चार लाख रुपये
परिष्ट संख्या–एक	हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलो की खेती हेतु निविदा प्रपत्र
परिष्ट संख्या–दो	हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलो की खेती हेतु निविदा की आवश्यक शर्त
निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि	07-06-2024
निविदा जमा कराने की अतिंम तिथि	21.06.2024 11.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	21.06.2024 दोपहर 01 बजे
निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द, गुड़ामालानी
पत्राचार हेतू पता	वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द, गुड़ामालानी

नोटः–धरोहर राशि कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी मे किसी भी कार्य दिवस मे जमा करायी जा सकती है। निविदा दिनांक 21.6.2024 तक ही स्वीकार की जायेगी । धरोहर राशि रोकड या बैक ड्राफ्ट द्वारा जो कि प्रोग्राम कॉर्डिनेटर, कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी के नाम से देय हो, जमा करायी जा सकती है।

सलग्नः–निविदा प्रपत्र एंव आवश्यक शर्ते–

Babu

वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष

Scanned with CamScanner

परिशिष्ठ–1

हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलो की खेती हेतु निविदा प्रपत्र (वर्ष 2024–25)

(निविदा शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् ही निविदा प्रस्तुत करे)

निविदा कम संख्या	N. 1en/a/CUDA/2024/2807 date-07-06-2024
निविदा का नाम	हिस्सा आधारित प्रणाली पर वर्ष 2024–25 मे बीजोत्पादन फसलो की खेती
खेती की अनुमानित अवधि	रबी व खरीफ (जून 2024 से मार्च 2025 तक)
निविदादाता का नाम व पता	.... दुरभाष नं..... आधार नं.....
धरोहर राशि का विवरण	रुपये 8000 (अक्षरे आठ हजार मात्र)(रोकड़ / बैक ड्राफ्ट) रसीद सं..... दिनांक..... बैक ड्राफ्ट सं..... दिनाक..... बैक का नाम ..... शाखा.....

कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी के फार्म पर वर्ष 2024–25 मे हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलो की पैदावार मे दाना / बीज उपज मे निविदादाता / ठेकेदार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी की हिस्सेदारीः–

क स	मौसम व वर्ष	निविदादाता / ठेकेदार का हिस्सा (प्रतिशत मे)	कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी का हिस्सा (प्रतिशत मे)	निविदादाता के हिस्से का उत्पादन कृषि विज्ञान केन्द्र, गुडामालानी द्वारा क्रय करने पर ओसत दर से देय भुगतान के अतिरिक्त राशि (वोनस 100 रुपये प्रति विव)
1	रबी व खरीफ (जून 2024 से मार्च 2025 तक)			

हस्ताक्षर–निविदादाता (ठेकेदार)

निविदादाता का नाम.....

पता.....

.....

आधार नं.....

Scanned with CamScanner

हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलो की खेती हेतु आवश्यक शर्त

(निविदा शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् ही निविदा प्रस्तुत करे)

1 निविदा सीलबन्द लिफाफे मे वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी के नाम से देय हो तथा निविदा लिफाफे पर हिस्सा आधारित बीजोत्पादन फसलो की खेती हेतु निविदा दिनांक 21.06.2024 तक देय तथा निविदादाता का पता लिखा होना चाहिये।

2 निविदा बॉलप्वाईट नीली स्याही से हाथ से लिखी होनी चाहिये एव हिस्सा (प्रतिशत मे) अंको व शब्दो मे लिखा होना चाहिये तथा किसी प्रकार की कांट छांट अथवा ऊपर ठीक किया हुआ कोई अक्षर स्वीकृत नही होगा

3 निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पेज पर निविदादाता के हस्ताक्षर होने चाहिये।

4 निविदा दरें वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदन के बाद उक्त समय अवधि के लिए मान्य होगी। कृषि विज्ञान केन्द्र, गुडामालानी के फार्म पर फसलोत्पादन वर्षा व सिंचाई आधारित होता है।

5 निविदा के साथ 8000 रुपये की धरोहर राशि रोकड़ अथवा बैक ड्राफ्ट,जो कि प्रोग्राम कॉर्डिनेटर, कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी के नाम देय हो, प्रस्तुत करे। धरोहर राशि के बिना एव निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। चैक के रुप मे धरोहर राषि स्वीकार नही की जायेगी।

6 ट्रेक्टर सम्बधी कार्य यथा डिस्क प्लाउ व केल्टीवेटर द्वारा भूमि तैयारी का कार्य व बुवाई आदि हेतु आवश्यक मशीनरी की व्यवस्था केन्द्र द्वारा की जायेगी अर्थात् इनसे डीजल खर्च व्यवस्था मे निविदाता का कोई योगदान नही होगा परन्तु इस कार्य मे समस्त प्रकार के श्रमिक अवयव ठेकेदार के होंगें।

7 बुवाई हेतु बीज व खाद की आपूर्ति केन्द्र द्वारा की जायेगी। खेत की सफाई, जुताई, सीड ड्रिल द्वारा बुवाई, खरपतवार निकालना ,सफाई व पैकिग आदि का कार्य ठेकेदार स्वंय ही करायेगा अर्थात बुवाई से फसल काटने,फसल की चौकीदारी करने व उत्पादन निकालने तक का श्रमिक अवयव व इसके बाद उत्पादन की सफाई करके उसे बोरो मे भरकर पैकिग कर गोदाम मे तौलने तक की प्रक्रिया मे लगने वाला समस्त श्रमिक अवयव निविदादाता का ही होगा।

8 फसल वृद्धि के दौरान रोग व कीट प्रकोप की स्थिति मे फफूंदनाशक, कीटनाशक व अन्य छिड़काव आदि की आपूर्ति भी केन्द्र ही करेगा। परंतु श्रमिक अवयव निविदादाता के ही होगें।

9 बीज उत्पादन हेतु विभिन्न प्रकार की शस्य क्रियाएं जैसे निराई–गुड़ाई (कम से कम दो बार) एंव रोगिंग(अवांछित पौधो को निकालना) वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष/फार्म प्रभारी/फार्म मैनेजर के निर्देनानुसार करनी होगी तथा सभी श्रमिक अवयव निविदादाता को वहन करना होगा।

10 निराई–गुडाई व अन्य कृषि से सम्बधित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुए करने होगे। प्रतिकूल मौसम होने पर उक्त कार्य रोके जाने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष /फार्म प्रभारी/फार्म मैनेजर का होगा।

11 किसी भी विवाद का निपटारा करने हेतु वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी का निर्णय अंतिम रुप से मान्य होगा तथा ठेकेदार इसके लिये बाध्य होगा।

12 फसलो की रखवाली करने की, समय पर निराई–गुड़ाई व जैविक दवाओ का छिडकाव/ भुरकाव तथा समय पर कटाई की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। इसमे शिथिलता बरतने व नुकसान होने पर समिति द्वारा आकलन किया जायेगा, जिसे निविदादाता के भुगतान मे से काट लिया जायेगा।

13 ठेकेदार के श्रमिको द्वारा यदि फार्म की सम्पति को किसी भी प्रकार की कोई कृषि या अन्य नुकसान पहुंचाया गया तो उसका हर्जाना ठेकेदार को भरना होगा। अन्यथा नुकसान का हर्जाना अदा नही करने पर धरोहर राशि मे से काट लिया जायेगा।

14 धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा एंव ठेका समाप्ति पर राषि लौटा दी जायेगी।

15 फसल के दौरान निविदादाता स्वयं के पशु वगैरहा फार्म पर नही लायेगा तथा ना ही यहां से चारा आदि ले जाने दिया जायेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी के फार्म पर उपलब्ध घास, लुगं, पातडी व पेड इत्यादि पर ठेकेदार का कोई अधिकार नही होगा।

16 निविदादाता (ठेकेदार) उक्त केन्द्र की भूमि पर किसी प्रकार के स्वामित्व का दावा नही करेगा तथा किसी अन्य व्यक्ति को काश्त हेतू आगे से आगे नही देगा। अन्यथा उसका ठेका रद कर दिया जायेगा।

17 निविदादाता को केन्द्र के मुख्य द्वार से ही आना जाना करना होगा। किसी भी अंवाछित व्यक्ति को फार्म पर आने की इजाजत नही होगी

Babu

Scanned with CamScanner

18 हिस्सा आधारित बीजोत्पादन खेती की बुवाई के क्षेत्रफल को बढ़ाने या कम करने का तथा फसलो के चयन का अधिकार कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी का होगा।

19 केन्द्र के फार्म पर निविदादाता को वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष /फार्म प्रभारी/फार्म मैनेजर द्वारा बताई गई फसलो की ही बुवाई करनी होगी, इसके अलावा कोई भी फसलो की बुवाई निविदादाता द्वारा नही की जा सकेगी।

20 फार्म कार्य हेतु आवश्यक मशीनरी जैसे फावड़ा, कुदाली, गेती, खुरपी, दांतली आदि ठेकेदार को स्वयं लाने होगें।

21 निविदादाता को रबी वर्ष 2024–25 में बीजोत्पादन फसलो की खेती से प्राप्त उपज उक्त मौसमो की समय अवधि मे समय पर जमा करानी होगी।

22 फार्म मे उत्पादित बीज मे से ठेकेदार के हिस्से को खरीदने का पहला हक कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी का होगा। यदि निविदादाता के हिस्से का उत्पादन इस केन्द्र द्वारा क्रय किया जाता है तो केन्द्र उसे उपज जमा कराने के तुरन्त पश्चात कृषि उपज मंडी के एक सप्ताह के ओसत भाव से अतिरिक्त राशी (प्रतिशत मे) जो कि निविदा स्वीकृति में देय है की दर से भगतान करेगा। अन्यथा ठेकदार अपना हिस्सा स्वंय ले जाने व बेचने को स्वतन्त्र होगा ।

23 केन्द्र के फार्म पर बीजोत्पादन कार्य के दोरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी स्यवं ठेकेदार की होगी। इसमे केन्द्र कोई क्षतिपूर्ति देने के लिए बाध्य नही होगा।

24 बीज उत्पादन प्रकिया मे फसल के चारे में ठेकेदार व केन्द्र के हिस्से के अनुपात में होगा।

25 अमानत राशि/धरोहर राशि कार्य पूरा हो जाने के बाद लौटा दी जायेगी। सफल निविदादाता के अलावा सभी को धरोहर राषि निविदा अनुमोदन के बाद प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर 7 दिन मे लौटा दी जायेगी। धरोहर राषि पर कोई ब्याज देय नही होगा।

26 किसी भी विवाद का निपटारा करने हेतू वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी का निर्णय अतिंम रुप से मान्य होगा और ठेकेदार पालना के लिये बाध्य होगा। विशेष परिस्थितियो मे विवाद को माननीय कुलपति महोदय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के नियंत्रण मे प्रस्तुत करना होगा। और उनका निर्णय ठेकेदार को मान्य होगा।

27 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, गुड़ामालानी के पास सुरक्षित रहेगा ।

मुझे निविदा की समस्त 27 शर्तें मंजूर हैं तथा मै उपरोक्त वर्णित शर्तों पर उक्त खेती करने के लिये सहमत हूं ।

निविदादाता /ठेकेदार के हस्ताक्षर

दिनांक.....

निविदादाता का नाम.....

पता.....

.....

आधार नं.....

हस्ताक्षर कमेटी सदस्य

1

2

3

वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष

Scanned with CamScanner